


आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 25 दिसंबर, 2023
www.azadsipahi.in


# सुबोधकांत सहाय ने क्रिसमस की बधाई दी



**युवा कांग्रेस महासचिव सह रांची विधानसभा प्रभारी रोहित सिन्हा ने भी दी बधाई**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने रविवार को पुरुलिया रोड स्थित आर्चबिशप हाउस पहुंच कर आर्चबिशप फेलिक्स टोप्पो से मुलाकात की। उन्हें क्रिसमस पर्व की हार्दिक बधाई दी। इस अवसर पर श्री सहाय ने आर्चबिशप हाउस परिसर में बालक प्रभु यीशु के दर्शन किये। मौके पर आर्चबिशप फेलिक्स टोप्पो ने भी सुबोधकांत सहाय को क्रिसमस पर्व की शुभकामनाएं दीं। सुबोधकांत सहाय ने कहा कि क्रिसमस का पर्व हम सभी के लिए बहुत उत्साह, उमंग और खुशी का पर्व होता है। मौके पर युवा कांग्रेस महासचिव सह रांची विधानसभा प्रभारी रोहित सिन्हा, यशस्विनी सहाय, दीपक लाल, राजन वर्मा, राजेश कुमार, वेद कमार, सरफे आलम आदि मौजूद थे।

# डीलिस्टिंग के नाम पर आदिवासियों के बीच जहर घोलना बंद हो : बंधु तिर्की



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने कहा कि डीलिस्टिंग के नाम पर आदिवासियों के सौहार्द्रपूर्ण संबंधों के बीच में जहर घोलने और उनके बीच दीवार खड़ी करने से जनजाति सुरक्षा मंच को बाज आना चाहिए। उसे जनजातीय समुदाय के हित में सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाना चाहिए। कहा कि जिस प्रकार से आदिवासियों को बरगलाने की कोशिश की जा रही है, वह दुर्भाग्यपूर्ण है। झारखंड की मौलिक संस्कृति यही है कि यहां गांव-देहात से लेकर शहरों तक में सभी लोग परस्पर सौहार्द्र के साथ रहते हैं। किसी अन्य आधार पर भले ही उनके बीच में कोई भी मतभेद हो, लेकिन सरना और इसाई धर्म के आधार पर उनके बीच में कोई भी मतभेद नहीं है। धार्मिक विचारधारा भले ही अलग हो, लेकिन आदिवासियों की संस्कृति समान है और सभी को इसका सम्मान करना चाहिए। कहा कि यदि इसाई धर्म पर बात होती है, तो बाकी धर्म के मामले में भी जनजाति सुरक्षा मंच को अपनी स्थिति पूरी तरीके से स्पष्ट करनी चाहिए। आदिवासियों के हित के विषय में जनजाति सुरक्षा मंच पाठ पढ़ाना बंद करे, क्योंकि आदिवासियों को अपनी स्थिति की पूरी जानकारी है। कहा कि जनजाति सुरक्षा मंच के द्वारा उठाये गये मुद्दे से आदिवासी डरने वाले नहीं हैं। समय आने पर इसका जवाब दिया जायेगा।

# आजसू आज पूरे प्रदेश में मनायेगी शहीद निर्मल महतो की जयंती



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आजसू पार्टी 25 दिसंबर को आजसू के संस्थापक और झारखंड आंदोलनकारी शहीद निर्मल महतो की 73वीं जयंती राज्यभर में मनायेगी। केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत ने रविवार को कहा कि झारखंड अलग राज्य आंदोलन के प्रणेता निर्मल महतो का नाम झारखंड के वजूद से जुड़ा है। निर्मल दा हमारी सोच को ऊर्जा प्रदान करते हैं। उनकी जयंती पर आजसू पार्टी राज्य के सभी गांवों, पंचायतों, प्रखंडों, विधानसभा क्षेत्रों और जिलों में सभाओं का आयोजन करेगी। इस दौरान निर्मल महतो की सोच को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया जायेगा। उन्होंने कहा कि 25 दिसंबर को शहीद निर्मल महतो की प्रतिमा का अनावरण पूर्व मंत्री राम चंद्र सहिस करेंगे। शहीद निर्मल महतो की 73वीं जयंती पर जुगसलाई विधानसभा अंतर्गत बोड़ाम प्रखण्ड के मुकरुडीह हलुदबनी मोड़ पर उनकी प्रतिमा का अनावरण किया जायेगा।

## किताब उत्सव : आदिवासी संस्कृति-साहित्य की पुस्तकों का क्रेज

# जल्द बनेगी साहित्य अकादमी: महुआ माजी

**विजेताओं को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया**




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** किताब उत्सव के अंतिम दिन यानी रविवार को पहला सत्र साहित्य और राजनीति पर केंद्रित रहा। इस सत्र में राज्यसभा सांसद सह लेखक महुआ माजी से धर्मेंद्र सुशांत ने उनके लेखन और राजनीतिक जीवन पर बातचीत की। महुआ माजी ने रांची शहर में किताब उत्सव के जरिये एक साहित्यिक माहौल देने के लिए राजकमल प्रकाशन का आभार जताया। कहा कि साहित्य ने ही मुझे राजनीति में संवेदनशीलता से काम करना सिखाया है। जंगल लूटने के लिए केंद्र सरकार ने नया फॉरेस्ट बिल पास कराया है। कहा कि झारखंड में भी जल्द साहित्य अकादमी बनेगी। इस दौरान आदिवासी महोसव 2023 की ट्राइबल क्यूजीन प्रतियोगिता के विजेताओं को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

हमारा झारखंड हमारा गौरव सत्र में योगेंद्र नाथ सिन्हा के साहित्यिक जीवन पर चर्चा हुई। इस सत्र में साहित्यकार विद्या भूषण ने बताया कि योगेंद्र नाथ सिन्हा का लेखन हो जनजाति की जीवनशैली पर केंद्रित है। उन्होंने 56 कहानियां आदिवासी समुदाय की पृष्ठभूमि पर लिखी। वे एक समर्पित कथाकार थे। तीसरे सत्र का विषय रहा- विरासत निर्माता, जिसमें रघुनाथ मुर्मू, लाको बोदरा, पंडित आयता उरांव और प्यारा केरकेट्टा के जीवन और संघर्ष पर विशेष चर्चा की गयी। इसमें दुमनी माई मुर्मू, दयामनी सिंकू, प्रेमचंद उरांव और डॉ तरकेलेंग कुल्लू ने विभिन्न संस्मरणों के माध्यम से झारखंड के निर्माताओं को याद किया। किताब उत्सव का अंतिम सत्र में काव्य संध्या का आयोजन हुआ। इसमें आदिवासी कवियों ने कविताओं का पाठ किया। इस सत्र का संयोजन साहित्यकार वंदना टेटे ने किया। किताब उत्सव में लगी पुस्तक प्रदर्शनी में आदिवासी संस्कृति और साहित्य की पुस्तकों को सर्वाधिक पसंद किया गया।

# सेक्रेड चाइल्ड अकादमी: वार्षिकोत्सव में रंगारंग कार्यक्रम से बच्चों ने जीता दिल






आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कोकर स्थित सेक्रेड चाइल्ड अकादमी स्कूल का 12वां वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। इसमें रंगारंग कार्यक्रम ने सबका दिल जीत लिया। मुख्य अतिथि असिस्टेंट कमिश्नर सुनील कुमार सिन्हा, प्रोफेसर अनीता सिन्हा, शशि शेखर सिंह, विजय महतो उपस्थित थे। बच्चों ने विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों से सबका मन जीत लिया।

छोटे-छोटे बच्चे अलग-अलग प्रकार के कार्यक्रम किये। बच्चों की उपलब्धियों के लिए उन्हें मुख्य अतिथियों के द्वारा सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। एकेडमिक, स्पोर्ट्स क्राफ्ट एग्जीबिशन और अन्य प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया गया। बच्चों ने विभिन्न भाषाओं बांग्ला, पंजाबी, नागपुरी और अंग्रेजी के गाने में नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में आये मुख्य अतिथि को बच्चों ने उपहार स्वरूप छोटे-छोटे पौधे भेंट किये।

# सैकड़ों घरों में लगा सदानी झंडा



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय समिति की ओर से सदानों की अधिकार को लेकर सदानी झंडा लगाओ अभियान का आयोजन रांची के होचर में किया गया। सदानी झंडा को अपने घरों में लगाने को लेकर मूलवासी सदान काफी उत्साहित दिखे। मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने राजनेताओं को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि राज्य में बननेवाली सरकारों ने मूलवासी सदानों के अधिकार को छीनने का काम किया। सदानों को अधिकार लेना है, तो मूलवासी सदान मोर्चा के आह्वान पर लोकसभा और विधानसभा चुनाव में सदानों के हित में जो दल को समर्थन देगा, उसी दल को वोट करें।

**अधिकार लेना है, तो मोर्चा के आह्वान पर करें वोट : राजेंद्र**

उन्होंने कहा कि सदानी झंडा पहचान और आस्था का प्रतीक है। इस झंडे को हर घर और प्रतिष्ठानों में लगायें। उन्होंने मूलवासी सदान आयोग का गठन करने, पिछड़ी जातियों का जाति जनगणना कराने, सदान से आने वाले सवर्णों का भी सर्वेक्षण कराने की मांग सरकार से की। प्रवक्ता डॉ सुदेश कुमार साहू ने कहा कि झारखंड में सदानों की आबादी 65 प्रतिशत है, लेकिन वोट का महत्व नहीं समझ पाये हैं, जिसका लाभ राजनीतिक दल उठा रहे हैं। अब संगठित होकर ही वोट करना है, तभी सदानों को अधिकार मिलेगा। अभियान में अर्जुन साहू, धनीराम साहू, विजय साहू, विकास कुमार, किरण देवी, सीमा देवी, सुरेश साहू, कोला साहू, विकास महतो, रामदास, दिनेश महतो, विनोद गोप, दीपक कुमार, पंकज कुमार, हरिराम, नरेश साहू, महेंद्र कुमार, लक्षी नाथ उपस्थित थे।

# रिम्स में तैनात होमगार्ड जवानों को सरकार जल्द दे मानदेय: राजीव

**रांची।** झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव राजीव तिवारी ने कहा कि रिम्स में प्रतिनियुक्त होमगार्ड जवानों को सरकार जल्द मानदेय दे। उन्होंने रविवार को कहा कि रिम्स में प्रतिनियुक्त होमगार्ड जवानों को करीब तीन माह से मानदेय का भुगतान नहीं किया गया है। इस कारण होमगार्ड जवानों की स्थिति बद से बदतर हो चुकी है। कहा कि एक ओर झारखंड सरकार क्रिसमस त्योहार के उपलक्ष में सरकारी कर्मचारियों को अग्रिम वेतन का भुगतान कर रही है। वहीं होमगार्ड जवानों को करीब तीन माह से उनके मानेदय का भुगतान नहीं किया गया। इस तरह की दोहरी नीति कहां तक सही है। उन्होंने कहा कि होमगार्ड के जवान उधारी मांग कर अपना गुजर बसर कर रहे हैं, जिन्होंने उन्हें उधार दिया, अब वह उनसे उधारी मांग रहे हैं। इसके कारण होमगार्ड जवान की स्थिति अत्यंत दयनीय हो गयी है।

## कार्यक्रम : अंजुमन फरोग उर्दू के तीन वर्ष पूरे होने पर परिचर्चा का हुआ आयोजन

# उर्दू की समस्याओं को लेकर संघर्ष की तैयारी




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अंजुमन फरोग उर्दू के तीन वर्ष पूरे पूरे होने पर रविवार को मौलाना आजाद कांफ्रेंस हॉल मेन रोड रांची में परिचर्चा का आयोजन किया गया। इसके पूर्व अंजुमन फरोग उर्दू के द्वारा 3 वर्षों में किये गये कार्यों का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया। साथ ही आगामी साल 2024 में उर्दू भाषा की तरक्की, उर्दू शिक्षकों की बहाली, उर्दू अकादमी का गठन, अल्पसंख्यक विद्यालय में उर्दू विषय की पढ़ाई, मदरसा परीक्षा आलिम-फाजिल की परीक्षा विश्वविद्यालय से आयोजित कराने आदि विषयों पर आंदोलन की घोषणा की गयी। परिचर्चा के दौरान राज्य के सभी जिलों में संगठन के विस्तार पर बल दिया गया और प्रमंडल स्तर पर पदाधिकारी नियुक्त किये गये। अल्पसंख्यक मामलों के जानकार एस अली को अंजुमन फरोग उर्दू का संरक्षक बनाया गया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि उर्दू के अधिकार के लिए बड़े पैमाने पर संघर्ष की जरूरत है। अध्यक्षता डीएसपीएमयू के उर्दू विभागाध्यक्ष डॉ उमर अयूब और संचालन अंजुमन फरोग, उर्दू के अध्यक्ष मो एकबाल ने किया। मौके पर अंजुमन फरोग के सचिव डॉ गालिब नश्तर, डॉ तस्लीम आरिफ, प्रो शहनवाज खान, डॉ शगुफ्ता बानो, डॉ अब्दुल बासित, डॉ तनवीर मजहर, सुहैल सइद, दानिश अयाज, सुफिया खातुन, राजदा प्रवीन, मो इमरान, राशिद जमाल, वसीम अकरम, अब्दुल अहमद, राशिद अयाज, सरफराज आलम, मो मेराजउद्दीन उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण खबरें

### टैलेंट सर्च परीक्षा एमटीएसइ 2024 संपन्न



रांची (आजाद सिपाही)। कर्बला चौक स्थित इराकी उर्दू गर्ल्स स्कूल में मिल्लत स्कॉलर्स एकेडमी, माही-जमैतुल इराकीन के संयुक्त तत्वावधान में टैलेंट सर्च परीक्षा एमटीएसइ संपन्न हुआ, जिसमें लगभग 90 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इसमें गणित, भौतिकी, रसायनशास्त्र, जीव विज्ञान, अंग्रेजी, तर्कशास्त्र, सामाजिक विज्ञान, दीनियात से 100 प्रश्न पूछे गये। ज्ञात हो कि इस परीक्षा में चयनित छात्र-छात्राओं को मिल्लत स्कॉलर्स एकेडमी के द्वारा बोर्ड परीक्षा के बाद उच्च माध्यमिक परीक्षा के साथ नीट, जेइइ, सीए के साथ नि:शुल्क दो वर्षों की तैयारी लॉजिंग और फूडिंग के साथ बैंगलोर, हैदराबाद और पुणे की विभिन्न शाखाओं में करायी जायेगी। मौके पर माही के संयोजक इबरार अहमद, इरफान उजैर, जमैतुल इराकीन के सचिव सैफुल हक, अर्शद शमीम, सरवर इमाम खान, खालिद सैफुल्लाह, प्रिंस, डॉक्टर सरफराज अहमद, मोहम्मद फिरोज, मोहम्मद वसीम, हाजी नवाब, कामरान अहमद, मोहम्मद सलाहउद्दीन और साहिल खान उपस्थित थे।

### खेलकूद विश्व मानव समाज को जोड़ता है: नौशाद



रांची (आजाद सिपाही)। एचएम स्कूल चुटिया के एनुअल स्पोर्ट्स डे में मुख्य अतिथि लोक सेवा समिति के अध्यक्ष मो नौशाद खान ने कहा कि खेलकूद विश्व मानव समाज को जोड़ने का काम करता है। यह स्कूल चुटिया जैसी घनी आबादी में बच्चों को शिक्षित कर समाज में शिक्षा का अलख जगा रहा है। यह सराहनीय है। इसके प्राचार्य अरविंद कुमार के प्रयासों और सभी शिक्षक के सहयोग की सरहाना की। कहा कि ऐसी शिक्षा से ही स्वस्थ्य समाज का निर्माण होगा।

### स्वतंत्र राष्ट्रवादी पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष बने रामप्रकाश





रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड प्रदेश कार्यालय में स्वतंत्र राष्ट्रवादी पार्टी का राष्ट्रीय आम सभा हुई। आम सहमति से पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष रामप्रकाश तिवारी को बनया गया। केंद्रीय महासचिव डॉ सुनील कुमार सिंह, केंद्रीय उपाध्यक्ष फाउदा उरांव, विमल कुमार महतो, निमाई कुमार चक्रवर्ती, कोषाध्यक्ष अजय शंकर कुमार, केंद्रीय सह कोषाध्यक्ष सुधा सिंह, केंद्रीय सचिव वीरेंद्र साहू, केंद्रीय सह सचिव बमशंभू मिश्रा, कार्यकारिणी सदस्य वंदना तिवारी, कौशल तिवारी, कृण्णा चक्रवर्ती को चुना गया। इसके पूर्व आम सभा की बैठक में स्वतंत्र राष्ट्रवादी पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी, प्रदेश कार्यकारिणी, जिला कार्यकारिणी, प्रखंड कार्यकारिणी को भंग किया गया, ताकि नये राष्ट्रीय कार्यकारिणी का चुनाव संपन्न किया जा सके। आम सभा में केंद्रीय महासचिव डॉ सुनील कुमार सिंह ने पार्टी का सत्र 2021-2022 वित्तीय आय व्यय का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। केंद्रीय अध्यक्ष रामप्रकाश तिवारी ने कहा कि पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष के पद का दायित्व सौंपा है, इसे ईमानदारी से पार्टी को राष्ट्रीय स्तर पर फैलाऊंगा। बैठक में वीरेंद्र कुमार, दिलीप सिंह, राजेश कुमार, संजीव चौधरी, अरविंद दुबे, अरविंद पांडेय, अमृत महतो, सुरेंद्र भगत, अमित कुमार नाग, रामसेवक तिवारी, रामधन उरांव, बम शंभू मिश्रा शामिल थे।

### ललित जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष बने



रांची (आजाद सिपाही)। रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन की आमसभा जिलाध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल की अध्यक्षता में मारवाड़ी भवन के प्रांगण में हुई। इसमें ललित कुमार पोद्दार ने जिला मारवाड़ी सम्मेलन के दो वर्षों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कोषाध्यक्ष अशोक कुमार नारसरिया ने जिला मारवाड़ी सम्मेलन के 2 वर्षों का आय-व्यय का ब्योरा प्रस्तुत किया। आमसभा में चुनाव पदाधिकारी विनोद कुमार जैन ने ललित कुमार पोद्दार को रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के सत्र 2024-26 के लिए अध्यक्ष की घोषणा की। मौके पर सुरेश कुमार अग्रवाल, रवि शंकर शर्मा, मनोज बजाज, कमल कुमार केडिया, प्रमोद सारस्वत सहित अन्य मौजूद थे। आमसभा का संचालन सुरेश कुमार अग्रवाल और धन्यवाद ज्ञापन कौशल कुमार राजगढ़िया ने किया।

### यूके पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव मना



रांची (आजाद सिपाही)। यूके पब्लिक स्कूल बूटी रांची के प्रांगण में विद्यालय का 17वां वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन के चेयरमैन आलोक कुमार दुबे, समाजसेवी युवराज पासवान, विद्यालय के निदेशक डॉ उमाकांत यादव, सचिव रूपेश कुमार, प्राचार्य डॉ अनु ने दीप प्रज्ज्वलित किया। इस मौके पर रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। आलोक कुमार दुबे ने कहा कि निजी विद्यालय सीमित संसाधनों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर रहे हैं। निजी विद्यालय हमारे राज्य और देश की रीड की हड्डी हैं। सरकार को सरकारी विद्यालयों की तरह निजी विद्यालयों को भी आर्थिक सहायता दी जानी चाहिए। प्राचार्य डॉ अनु ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ता है। ज्वलंत मुद्दों पर आधारित पैरेंटल प्रेशर स्क्रिप्ट प्रस्तुत किया गया, जिसे अभिभावकों ने खूब सराहा।







# हमें नम्र और दीन बनने की जरूरत है : आर्चबिशप फेलिक्स टोप्पो

**आर्चबिशप का संदेश**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** संत मरिया महागिरजाघर में आर्चबिशप फेलिक्स टोप्पो ने कहा कि अंधकार में रहने वालों पर ज्योति का उदय हुआ। इसने लोगों में उल्लास पैदा हुआ। जो पैदा हुआ वह अपूर्व परामर्शदाता है, शक्तिशाली ईश्वर, शाश्वत पिता और शांति का राजकुमार है। वहीं सृष्टिकर्ता इस धरती पर जन्म लेता है, हमारे बीच आता है। ईश्वर के पुत्र को इस संसार में आने की क्या जरूरत थी? यह बड़ा रहस्य और एक बड़ी कृपा है। इसके तीन कारण हो सकते हैं। पहला, कि ईश्वर हमारे प्रेमी पिता हैं। वे अपनी सृष्टि से प्रेम करते हैं। मनुष्यों के अपराध की कीमत चुकाने के लिए ईश्रर के पुत्र को इस धरती पर आना पड़ा। वे मुक्तिदाता हैं। हमारे लिए ईश्वर का द्वार खोल दिया है। वह चाहते हैं कि हर व्यक्ति प्रवेश करे। हमारी बुराइयों से दूर हमें ईश्वरीय जीवन देना चाहते हैं।

स्वार्थ और अहंकार के कारण ही संघर्ष होते हैं। हमें नम्र और दीन बनने की जरूरत है। यीशु का जन्म एक गरीब परिवार में हुआ। उनका जन्म एक गौशाले में हुआ। ब्रह्मांड का सृष्टिकर्ता गौशाले में पैदा हुआ। मैं मानता हूं कि लोग जानते थे कि मसीह आने वाला है। वे सोचते थे संत मरिया महागिरजाघर में आर्चबिशप फेलिक्स टोप्पो ने कहा कि आदि में शब्द था, शब्द ईश्वर के साथ था, शब्द ईश्वर था, शब्द ने शरीर धारण किया और वह हमारा मुक्तिदाता बना। यह सब इसलिए क्योंकि ईश्वर हमें बहुत प्यार करते हैं। ईश्वर ने मनुष्य को इतना प्यार किया कि उसने अपने इकलौते पुत्र को इस संसार में भेज दिया, ताकि जो कोई उस पर विश्वास करे, उसका सर्वनाश न हो, बल्कि उसे अनंत जीवन प्राप्त हो। हम ईश्वर के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हैं और आनंद मनाते हैं क्योंकि ईश्वर ने अपने ही बेटे को हमारे पास भेजा है। हमारे लिए दिया है। किसी राजघराने में पैदा होगा, सेना इकट्ठा कर रोमियों को भगा देगा। कई तरह के विचार थे, पर प्रभु ने उन विचारों को खंडन करते हुए गौशाले में जन्म लिया। इसका समाचार भी सबसे पहले निर्धनतम चरवाहों को दिया गया।

इससे प्रकट होता है कि वे नम्र, दीन, शोषितों से अधिक प्यार करते हैं। चरनी बना कर हम खुद को याद दिलाते हैं कि प्रभु यीशु खीस्त ने एक गौशाले में जन्म लिया। वे शांति के राजकुमार हैं। वे चाहते हैं कि लोग शांति में जीयें। इसका मंत्र उन्होंने दिया कि ईश्वर की इच्छा पूरी करें। इसके लिए हमें नम्र और दीन होने की जरूरत है। अपने अंदर की बुराइयों को दूर करना होगा। जब हमारे अंदर प्रभु का निवास होगा।





फोटो : प्रदीप ठाकुर

# अंतरराष्ट्रीय महोत्सव में शिवायन महाकाव्य का विमोचन होगा: पंकज



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अंतरराष्ट्रीय साहित्य कला संस्कृति साहित्योदय के तत्वावधान में साहित्य समागम 2023 का आयोजन किया गया। इसमें रांची सहित झारखंड और बिहार के रचनाकारों ने भाग लिया। कार्यक्रम में शिवायन पोस्टर का विमोचन किया गया। इसके साथ ही कृष्णायण ग्रंथ वितरण, लंदन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड, वर्ल्ड ग्रेटेस्ट रिकॉर्ड सम्मान समारोह और काव्यपाठ का आयोजन किया गया। साहित्योदय के संस्थापक अध्यक्ष पंकज प्रियम ने बताया कि भगवान शंकर के जीवन और दर्शन पर आधारित शिवायन महाकाव्य का सृजन किया जा रहा है। इसका विमोचन अगले वर्ष ऋषिकेश में प्रस्तावित नीलकंठ अंतरराष्ट्रीय महोत्सव में किया जायेगा। मुख्य अतिथि वाइवीएन स्कूल के निदेशक रामजी यादव ने साहित्योदय के प्रयासों की सराहना की। मंत्रोच्चारण रेणु झा रेणुका ने किया। सुरिंदर कौर नीलम ने सरस्वती वंदना किया। राकेश रमण, रंगोली सिन्हा, अस्मिता साई पाल, डॉ रजनी शर्मा चंदा, खुशबू बर्णवाल, किशोरी भूषण, संगीता वर्मा, रेणु झा, रेणुका, सूरज श्रीवास्तव, ऋतुराज वर्षा, पुष्पा सहाय, राजश्री राज, सुनील सिंह बादल, कामेश्वर सिंह कामेश, विष्णुदेव अलबेला, प्रतिमा त्रिपाठी, सुरेंद्र उपाध्याय, अंजू यादव, रीना प्रेम दुबे, रेणुबाला धार, सदानंद सिंह यादव, सुजाता जागृति, विभा वर्मा वाची समेत अन्य उपस्थित थे।

## सांसद ने विकास कार्यों की रखी आधारशिला

# क्षेत्र के विकास के लिए सदा तत्पर रहूंगा : संजय सेठ

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सांसद संजय सेठ के सांसद निधि से हटिया विधानसभा के डोरंडा स्थित बेलदार मुहल्ला में सामुदायिक भवन, जगन्नाथपुर स्थित सेक्टर दो में धोबी घाट के पास सामुदायिक भवन, शौचालय निर्माण, पुंदाग में श्मशान शेड निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। सांसद संजय सेठ ने कहा कि नरेंद्र मोदी के मूल मंत्र के साथ हम सभी काम कर रहे हैं। रांची लोकसभा क्षेत्र का विकास पहली प्राथमिकता है। उसी आधार पर विकास कार्य किया जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस तरह भारत को आगे बढ़ा रहे हैं, हम सब को उनसे ही काम करने की प्रेरणा मिलती है। मोदी की गारंटी अब देश की गारंटी बन गयी है। विधायक नवीन जयसवाल ने कहा कि आज भारत विकसित भारत की ओर बढ़ रहा है। विकास की किरण अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और उसी को लेकर हम सब काम कर रहे हैं। इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष पप्पू वर्मा, बजरंग गुप्ता, सुरेश प्रसाद, बीके विजय, सरदार अशोक सिंह, संजय पोद्दार, मंटू लाल, जय मसीह तिग्गा, रोहित ठाकुर, आयुष गुप्ता, अनिता मोथे, रेखा देवी, अनूप कुमार सहित सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित थे।



## आरक्षण शून्य होने से अभ्यर्थियों में आक्रोश : राजेश गुप्ता



रांची (आजाद सिपाही)। रोस्टर घोटाले के कारण राज्य में होने वाले 8919 आरक्षियों की नियुक्ति के विज्ञापन में ओबीसी का आरक्षण शून्य है। उक्त बातें राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने एक प्रेस बयान में कही है। उन्होंने कहा कि आरक्षियों की नियुक्ति में ओबीसी का आरक्षण शून्य करने के कारण गांव से शहर तक के अभ्यर्थियों में इस विषय को लेकर भारी आक्रोश है। श्री गुप्ता ने कहा कि इस संबंध में पूर्व में भी राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा ने रोस्टर घोटाले की जांच करने की मांग उठाया था। इधर लगातार देखा जा रहा है कि जेपीएससी या जेएसएससी जो भी नियुक्तियां निकल रही है उसमें ओबीसी को न्यूनतम आरक्षण का प्रावधान किया जा रहा है। और इसका कारण बताया जाता है कि रोस्टर में ओबीसी का पद रिक्त नहीं है, जबकि इसका एकमात्र कारण रोस्टर में घोटाला है। राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मांग करता है कि अभिलंब रोस्टर की जांच पड़ताल कर घोटाला करने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई करें, तभी ओबीसी का हक अधिकार मिल पायेगा।

## मारवाड़ी युवा मंच ने जरूरतमंदों के बीच कंबल का किया वितरण



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा के द्वारा रविवार को कंबल वितरण का कार्यक्रम किया। मारवाड़ी युवा मंच ने अत्यधिक ठंड को देखते हुए उससे बचाव के लिए जरूरतमंदों और बूढ़े-बुर्जुगों के बीच जगन्नाथपुर स्थित लीची बगान में कंबल का वितरण किया। मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा ने राष्ट्रीय कार्यक्रम आनंद सबके लिए के तहत यह कार्यक्रम किया। इस प्रकार का कार्यक्रम आगे भी लगातार किया जायेगा। इस कार्यक्रम के संयोजक गौतम अग्रवाल और यश सुरेखा थे। अध्यक्ष अमित चौधरी ने कहा कि ठंड अत्यधिक बढ़ गयी है। इसे देखते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में जरूरतमंदों के बीच लगातार कंबल का वितरण और अलाव की भी व्यवस्था की जायेगी। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पूर्व अध्यक्ष मनीष लोधा, अध्यक्ष अमित चौधरी, कोषाध्यक्ष अमित जांगिड़, उपाध्यक्ष नीरज अग्रवाल, रोहित, कार्यकारिणी सदस्य शैंकी रायका, अंशु, गौरव सहित अन्य मौजूद थे। यह जानकारी प्रवक्ता रमन बगड़िया ने दी।

## सीबीएसइ रिजनल लेवल साइंस एक्जीबिशन में शारदा ग्लोबल के छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन




रांची (आजाद सिपाही)। दिल्ली पब्लिक स्कूल में आयोजित दो दिवसीय रिजनल लेवल साइंस एक्जीबिशन में अनेक विद्यालयों के छात्रों ने भाग लिया। इसमें शारदा ग्लोबल स्कूल की जैनव और आद्या ने कैटेगरी एक में तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय की गरिमा बढ़ायी है। उन्होंने आईआर बेस्ड ऑटोमेटिक हाइवे स्ट्रीट लाइट द्वारा यह दिखाया कि आईआर वह सेंसिग डिवाइस है जो बिजली की खपत को कम करता है और भविष्य के लिए ऊर्जा का संरक्षण करता है। छात्रों की इस उपलब्धि पर विद्यालय की डायरेक्टर एकेडमिक्स डॉ रंजना स्वरूप तथा प्राचार्या जसमीत कौर ने उन्हें पुरस्कृत कर बधाई दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## एस्कॉट इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता 2023 का समापन




रांची (आजाद सिपाही)। हरमू रोड स्थित एस्कॉट इंटरनेशनल स्कूल में चार दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता 2023 का समापन रविवार को हुआ। बच्चों ने अपनी प्रतिभा का बखूबी प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का समापन में मुख्य अतिथि के रूप में वार्ड नंबर 27 के पूर्व पार्षद ओमप्रकाश सिंह, विद्यालय के संरक्षक ललित नवी हेंब्रम, सचिव अनुज हेंब्रम, निदेशक कुणाल कश्यप, प्राचार्य शादान आलम, एवं विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिका शामिल थे। प्रमुख खेलों में दामोदर हाउस की टीम चैंपियन रही और शंख हाउस की टीम उपविजेता के रूप में अपना दबदबा दिखाया। प्राचार्य शादान आलम ने कहा कि इसी तरह आप सभी अपने अंदर छिपी हुई प्रतिभा को निखारे और स्कूल के साथ साथ समाज और देश को खेल भावना के साथ जोड़ने का प्रयास करे।

## कोरोना के नये वैरिएंट को लेकर अलर्ट जारी

रांची (आजाद सिपाही)। देश में कोरोना का नया वैरिएंट जेएन-1 तेजी से पांव पसार रहा है। कोरोना के बढ़ते मामले को देखते हुए झारखंड सरकार भी अलर्ट मोड में है। सभी जिलों के अस्पतालों, स्वास्थ्य संस्थानों और अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिये हैं। इसी क्रम में रिम्स के चिकित्सा अधीक्षक हिरेंद्र बिरुआ रविवार की सुबह अस्पताल में ऑक्सीजन, बेड सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान चिकित्सा अधीक्षक ने रिम्स के सभी कर्मियों को मास्क पहनने को कहा। देशभर में कोरोना के बढ़ते मामले को देखते हुए रिम्स के पहले तल्ले में ट्रामा सेंटर के पास कोरोना वार्ड बनाया गया है। वहीं सदर अस्पताल में भी अलग से ओपीडी की शुरुआत की गयी है। जहां सर्दी-खांसी के मरीजों की जांच की जायेगी।

## चापाकलों की मरम्मती करायी गयी



रांची (आजाद सिपाही)। युवा नेता रंजीत कुमार महतो के प्रयास से टुंडी बेंगनरीया पंचायत के नयाडीह आदिवासी टोला हांसागोड़ा गांव में चापाकलों की मरम्मती करायी गयी। हांसागोड़ा गांव, जो पहाड़ी के तराई पर अवस्थित है, चापाकलों के खराब हो जाने के कारण विगत छह महीनों से ग्रामीणों को पानी की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। ग्रामीणों के द्वारा सूचना मिलते रंजीत कुमार महतो ने पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल धनबाद के पदाधिकारियों से बात की। नतीजतन एक दिन में ही चापाकलों की मरम्मती का कार्य पूरा कर दिया गया। मौके पर वार्ड प्रतिनिधि अनिल मुर्मू, प्रेम टुडू, शिवचरण हांसदा, परेश रजक, विजय रजवार, राजेश मुर्मू, शुरूलाल मरांडी, शिधु हांसदा, शनिचर सोरेन समेत अन्य उपस्थित थे।

# वाराणसी-रांची-कोलकाता सिक्स लेन कॉरिडोर का रूट चार्ट तैयार

- वाराणसी से कोलकाता जाने में छह घंटे कम लगेंगे
- झारखंडवासियों को भी मिलेगी बड़ी राहत



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** वाराणसी-रांची-कोलकाता ग्रीनफील्ड कॉरिडोर का पूरा रूट चार्ट तैयार हो गया है। 620 किमी लंबाई तक बननेवाली पूरी सड़क सिक्स लेन होगी। यह महत्वपूर्ण हाइवे एनएच 2 जीटी रोड के सामानांतर लगभग 10 से 15 किमी अंदर से गुजरेगी। भारतमाला परियोजना के तहत इस सड़क के बनने से वाराणसी से बिहार-झारखंड होते हुए कोलकाता जाने में लगभग छह घंटा सीधा बचत भी होगा। परिवहन भार भी कम होगा। वर्तमान में जो जीटी रोड एनएच 19, ओल्ड एनएच 2 है, उससे वाहनों को गुजरने में करीब 12-13 घंट लग जाते हैं। ऐसे में इसका अगर डेवलपमेंट किया जाता है, तो सरकार को भारी राशि खर्च करनी पड़ती। जमीन अधिग्रहण में भी काफी पैसा जाता है। वहीं, बड़े पैमाने एनएच दो के अगल-बगल विकास कार्य हुए है, उसे भी बाधित करना पड़ता है। ऐसे में केंद्र सरकार ने एक पूरी तरह से नयी ग्रीनफील्ड बनाने का निर्णय लिया था, जिसके लिए अब जमीन अधिग्रहण का काम तेजी से चल रहा है। संवेदक पहले ही फाइनल कर दिये गये हैं। झारखंड में छह पैकेज में यह रोड बनेगा।

### तीन राज्यों को जोड़नेवाली सड़क का एलाइनमेंट

वाराणसी-रांची-कोलकाता ग्रीनफील्ड कॉरिडोर के लिए जो एलाइनमेंट तय कर लिया गया है। उत्तरप्रदेश के वाराणसी को जोड़ने वाली यह सड़क एनएच 19, रिंग रोड वाराणसी से शुरू होगी, जो मुगलसराय होते हुए बिहार के भभुआ होते हुए सासाराम, डेहरी ओन-सोन हुए बिहार गया के कुछ हिस्से से जुड़ेगी। इसके बाद झारखंड के चतरा जिला से प्रवेश करेगी। यहां से हजारीबाग-पतरातू, रामगढ़, बोकारो, पुरुलिया होते हुए मिदनापुर से कोलकाता तक जायेगी।

## महत्वपूर्ण खबरें

### रांची में निकलेगी भव्य श्रीराममय यात्रा



रांची (आजाद सिपाही)। युवा रांची महानगर रामनवमी पूजा समिति (युवा महावीर मंडल) की बैठक रविवार को श्री चैती दुर्गा पूजा मंदिर (भुतहा तालाब) के प्रांगण में हुई। युवा रांची महानगर रामनवमी पूजा समिति के अध्यक्ष नंद किशोर सिंह चंदेल ने कहा कि आज की बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय हुआ है कि 21 जनवरी दिन रविवार को दोपहर 1:00 बजे रांची के पहाड़ी मंदिर के द्वारा से भव्य श्रीराममय यात्रा पूरे धूमधाम से निकलेगी। इस बैठक में मुख्य रूप से नंद किशोर सिंह चंदेल, विनय दीपक ओझा, हरि सिंह, धर्मेंद्र सिंह, नेहा प्रसाद, शिल्पी कुमारी वर्मा, पूजा कुमारी, नीतू सिंह, मीनू सिंह, रोमा सरकार, अर्चना चौबे, अजीत सिंह, बिट्टू सिंह, अशोक यादव, सीनू वर्मा, संजय कुमार सिंह, सूर्यकांत सिंह, नितिन सिरमौर, सूरज तिवारी, करण सिंह, रोहन सिंह, मोहित रजक, अर्जुन सिंह, मोहन गोस्वामी, अमित राय, मनोज कुमार, राहुल राहुल सिंह, पिंकी देवी, शोभा देवी, किरण कुमारी, रोनित शाह, बबीता सिंह, मधु सिंह, निभा सिंह, किरण सिंह, बंटी वर्मा, गुड्डू, सुमित आदि लोग उपस्थित थे।

### फुलचंद तिर्की ने लातेहार में लोगों को किया जागरूक



रांची (आजाद सिपाही)। केंद्रीय सरना समिति एवं अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के प्रतिनिधि मंडल ने रविवार को लातेहार जिले का दौरा किया। जहां डिलिस्टिंग एवं सरना कोड को लेकर चर्चा हुई। केंद्रीय सरना समिति के केंद्रीय अध्यक्ष फुलचंद तिर्की ने कहा कि केंद्रीय सरना समिति हमेशा से धर्मांतरण, डिलिस्टिंग और सरना कोड की आवाज उठाता रहा है। जिसका परिणाम है कि लोग जागरूक हुए हैं और पूरे देश में आंदोलन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि 24 दिसंबर को जनजाति सुरक्षा मंच के द्वारा मोरहाबादी मैदान डिलिस्टिंग महारैली में नीति और नियति देखने को नहीं मिली जनजाति सुरक्षा मंच के द्वारा 30 दिसंबर सरना कोड भारत बंद को प्रभावित करने और 2024 के चुनाव में आदिवासी वोट को लुभाने वाला रैली साबित हुए। जनजाति सुरक्षा मंच के द्वारा सारना कोड की कोई बात नहीं हुई। उनके नेताओं द्वारा कहा गया कि जो हिंदू सनातन संस्कृति को मानेंगे वहीं अनुसूचित जनजाति का लाभ आप लेंगे। आदिवासी को सारना कोड की जरूरत नहीं है। फुलचंद तिर्की ने कहा कि सरना कोड लागू होने से अपने आप हिंदू, मुस्लिम, सिख, इसाई, जैन,। बौद्ध धर्मांतरित आदिवासी डिलिस्टिंग हो जायेंगे। मौके पर अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के अध्यक्ष सत्यनारायण लकड़ा, लोहरदगा जिला सरना समिति के अध्यक्ष चैतु उरांव, पलामू जिला सरना समिति के धीरू उरांव, सुनील उरांव दीपक कुमार विजय और अन्य शामिल थे।

### सार्वभौम शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासभा का राज्यस्तरीय महासम्मेलन



रांची (आजाद सिपाही)। शाकद्वीपीय ब्राह्मणों का उत्थान कैसे हो, इस विषय के तहत रांची स्थित एमडीएलएम हॉस्पिटल के धनवंतरी सभागर में सार्वभौम शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासभा का राज्यस्तरीय महासम्मेलन का आयोजन किया गया। इसी वर्ष अक्तूबर महीने में संपन्न हुए महासभा के आम चुनाव के बाद नवनिर्वाचित समिति ?के सदस्यों की उपस्थिति में पहली बार आयोजित इस महासम्मेलन में झारखंड राज्य के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में शाकद्वीपीय ब्राह्मणों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित विजया नंद सरस्वती मौजूद रहे। कार्याक्रम की अध्यक्षता सार्वभौम शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष डॉ. अमिताभ कुमार ने किया तथा संचालन वरिष्ठ पत्रकार और महासभा के उपाध्यक्ष कृष्ण बिहारी मिश्रा ने किया। इस महासम्मेलन में समाज के महत्वपूर्ण लोगों व चिंतकों ने अपने अपने सुझाव दिये। इस महासम्मेलन में अवध मणि पाठक, आचार्य मिथिलेश, वसंत व्यास, वसंत कुमार पाठक, शैलेंद्र मिश्र, विभाकर मिश्र, बंशीधर मिश्र, रवींद्र कुमार मिश्र, डॉ. आशुतोष पांडेय, श्रवण कुमार पाठक, शशिकांत मिश्र, विनायक शर्मा, मनोज कुमार पुद्दू, पंकज कुमार पाठक, डॉ. अर्चना पाठक विशेष रूप से मौजूद रहे।

### मां अन्नपूर्णा जयंती उत्सव कल




रांची (आजाद सिपाही)। रिम्स अस्पताल परिसर के रोटी बैंक सेवा केंद्र में 26 दिसंबर को मां अन्नपूर्णा जयंती उत्सव मनेगा। संस्थापक विजय पाठक ने बताया कि पूजा के बाद रक्तदान शिविर और पीयूष पाठक के द्वारा गंगा आरती की तर्ज पर मां अन्नपूर्णा की दिव्य आरती-भंडारा किया जायेगा। श्री पाठक ने बताया कि इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप बनारस काशी विश्वनाथ मंदिर के अर्चक डॉ देव मिश्र उपस्थित रहेंगे। आग्रह किया कि अन्नपूर्णा जयंती के दिन कम से कम एक जरूरतमंद को भोजन अवश्य करायें। रोटी बैंक रांची के द्वारा विगत चार सालों में रिम्स अस्पताल परिसर और अन्य जगहों पर जरूरतमंदों को नि:शुल्क भोजन कराया जा रहा है। इसका एकमात्र सामाजिक उद्देश्य कोई भूखा ना सोये। मौके पर रोटी बैंक के विजय पाठक, पीयूष पाठक, पंडित चंदन पाठक उपस्थित थे।

### महिला की हथौड़े से मारकर हत्या, आरोपी गिरफ्तार

रांची (आजाद सिपाही)। राजधानी रांची के पंडरा ओपी क्षेत्र में महिला की उसके पति ने ही हथौड़े से मारकर हत्या कर दी। यह घटना के पंडरा ओपी क्षेत्र के बनहोरा में हुई हैं। जहां रविवार को 25 वर्षीय महिला पूनम एक्का की उसके पति सुनील कुमार एक्का ने हत्या कर दी। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस मामले में पंडरा ओपी की पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी मूल रूप से गुमला जिले के पालकोट थाना क्षेत्र का रहने वाला है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि पारिवारिक विवाद को लेकर महिला की हत्या कर दी गयी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 25 दिसंबर, 2023
www.azadsipahi.in
08

राहे में 60 लाख की योजनाओं का शिलान्यास और बुंडू में विकास कार्यों की आधारशिला रखी

# गांव की जरूरतों को पूरा किया जायेगा : सुदेश

आजाद सिपाही संवाददाता



**राहे।** विधायक सुदेश कुमार महतो ने राहे प्रखंड के अंबाझरिया पंचायत अंतर्गत जाराडीह गांव में विधायक निधि से झरना सौंदर्यीकरण कार्य, जिला योजना अनावद्ध निधि से सूअरमारा गांव में 1000 फीट पीसीसी सड़क और महेशपुर गांव में 1000 फीट पीसीसी सड़क निर्माण कार्य, दोकाद पंचायत के भेलवाजरा गांव और राहे में विधायक निधि से पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास विधायक सुदेश कुमार महतो ने किया। सभी कार्य 60 लाख की लागत से बनाया जायेगा। इस दौरान विधायक ने कहा कि गांव की जरूरत को पूरा किया जा रहा है। इस दौरान सभी स्थलों में वृद्ध लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। मौके पर प्रखंड प्रभारी संजय सिद्धार्थ, सांसद प्रतिनिधि चितरंजन महतो, रंग बहादुर महतो, प्रमोद सिंह, छोटन मुंडा, करम सिंह मुंडा, रंगलाल उरांव, प्रवीण उरांव, जलेश्वर महतो, संजय उरांव, प्रदीप महतो, नारायण सिंह मुंडा आदि मौजूद थे।

## सुअरमारा गांव में दर्जनों लोगों ने आजसू का दामन थामा



**राहे।** प्रखंड की अंबाझरिया पंचायत के सुअरमारा गांव में रविवार को आयोजित एक समारोह में गांव के दर्जनों लोगों ने आजसू की सदस्यता ग्रहण की। आजसू अध्यक्ष विधायक सुदेश कुमार महतो ने सभी को माला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान विधायक ने कहा कि नये लोगों को आने से पार्टी में मजबूती मिलेगी। संगठन विस्तार में सहयोग मिलेगा। मौके पर काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## बुंडू में 50 बेड का अस्पताल बनेगा : विकास कुमार मुंडा



बुंडू। आदिवासी बालक कल्याण छात्रावास बुंडू के 33 लाख 26 हजार रुपये से जीर्णोद्धार कार्य और तिलाइपीड़ी में 4 करोड़ 76 लाख से मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना से नावाडीह मोड़ से तोलसांडीह भाया तिलाईपीड़ी पथ 4.60 किलोमीटर निर्माण कार्य का शिलान्यास विधायक विकास कुमार मुंडा ने किया। विधायक ने कहा कि हम झूठा आश्वासन नहीं देते हैं। कार्य पर विश्वास करते हैं। जल्द ही बुंडू में 50 बेड का अस्पताल बनेगा। अनुमंडल की मूलभूत सुविधा भी जल्द बहाल की जायेगी। मौके पर बुंडू प्रमुख राजकुमार बिंझिंया, पंसस गुरुवा उरांव, मुखिया रेखा देवी, मनोज मंडल, प्रदीप मुंडा, घासिया उरांव, अरशद अंसारी, जीतेंद्र उरांव, बासु सेठ, उमेश महतो, करम सिंह मुंडा, विमला देवी, प्रेमा मुंडा आदि उपस्थित थे।

## विधायक अंबा प्रसाद ने बुंडू पंचायत में दो पथों का किया शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिपरवार।** कोयलांचल क्षेत्र के निकटवर्ती बुंडु पंचायत के दो महत्वपूर्ण सड़कों के निर्माण कार्य का शिलान्यास बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद के द्वारा किया गया। अंबा प्रसाद के अनुशंसा एवं जिला के पदाधिकारी से समन्वय स्थापित करने के बाद करीब छः करोड़ की लागत से उक्त दोनों पथों के निर्माण को लेकर स्वीकृति प्रदान हुई है। जानकारी के अनुसार बुंडू पंचायत के दामोदर नदी से ढोठन गंझू के घर तक भाया उत्क्रमित मध्य विद्यालय बुंडू तक पथ निर्माण में तीन करोड़ 94 हजार रुपए एंव अति सुदूरवर्ती मुख्य पथ शल्या टुंगरी से ग्राम हल्दी कोचा तक पथ निर्माण में तीन करोड़ 30 लाख की लागत आयेगी। इस मौके पर मुख्य रूप से प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रविंद्र गुप्ता,विधायक प्रतिनिधि सुरेश साव, विधायक प्रतिनिधि पिपरवार राजेंद्र गुप्ता, मुखिया तुलसी तुरी, पूर्व मुखिया बैजनाथ महतो, पंचायत समिति सदस्य रंजीत तुरी, पंचायत अध्यक्ष मोहन करमाली, बसंत गुप्ता, हीरालाल महतो, सुरेंद्र साव, धनंजय कुमार, रोहित तुरी, भोला साव, राजेश साव, रवि साव, मनीष उरांव, जितेंद्र राम, संतोष यादव, उमेश यादव, अशोक साव, बबलू यादव, सिवन तुरी, प्रभु साव, पवन तुरी, सुनील तुरी, भुनेश्वर तुरी, सुरेंद्र साव,संदीप साव, राजदीप साव, कृष्णा तुरी, गणेश साव, सावित्री देवी, सुभाष साव, भुवनेश्वर तुरी, सुरेंद्र करमाली, रूपलाल यादव, राजेश साव, सिकंदर तुरी, कृष्णा तुरी, मनोज राम, रंजीत यादव, विनोद यादव, मनोज रविदास, लाल देव करमाली, मंगल सिंह, हीरा राम, गुरदयाल सिंह, तेजनाथ महतो, मुकेश महतो समेत महिला पुरुष मौजूद थे।

## आनंद एवं प्रेम का सुसमाचार देता है क्रिसमस पर्व : प्रतिभा सुमन सुरीन

आजाद सिपाही संवाददाता

**मुरहू।** स्थित श्योर सक्सेस कोचिंग सेंटर में रविवार को क्रिसमस गैदरिंग धूमधाम से मनाया गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप मे शिक्षिका प्रतिभा सुमन सुरीन शामिल हुई। कार्यक्रम का उद्‌घाटन उन्होंने चरणी के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया। उन्होंने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा क्रिसमस प्रेम, विश्वास, त्याग, समर्पण और सौहार्द का जन्म पर्व है। यह पर्व हमें परमेश्वर के उस बड़े प्रेम को बताता है जो उसने समस्त मानव जाति से किया। उसने अपने इकलौते बेटे यीशु को हमारे उद्धार के लिए दे दिया. ताकि लोग पाप में न मरें, वरन्यीशु के द्वारा अनंत जीवन को प्राप्त करें। संस्थान के निदेशक




सकलदीप भगत ने कहा कि प्रभु यीशु का यह जन्म पर्व आनंद का सुसमाचार देता है, जीवन में निराश हताश लोगों में उम्मीद और आशा का संचार करता है। हमें प्रभु यीशु के शुभ समाचारों को जीवन में आत्मसात करना चाहिए। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने कैरोल और नागपुरी गीतों पर एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी तथा उपस्थित सभी छात्र छात्राओं का भरपूर मनोरंजन किया इस दौरान म्यूजिकल चेयर गेम का भी आयोजन किया गया तथा विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के दौरान काव्या के द्वारा बेहतरीन डांस प्रस्तुति तथा प्रिंस के द्वारा आकर्षक क्रिसमस ट्री बनाने के लिए मुख्य अतिथि प्रतिभा सुमन ने उन्हें सम्मानित किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में शिक्षिका रिया, शमिता, रागिनी, अंजलि , सुमित एवं पुष्कर का योगदान सराहनीय रहा कार्यक्रम का संचालन बिपाशा एवं आराध्या ने संयुक्त रूप से किया।

### एसीसी हाई स्कूल खलारी में क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन

## प्रभु यीशु ने दुनिया को प्रेम का संदेश दिया: प्रधानाध्यापक

आजाद सिपाही संवाददाता



**खलारी।** एसीसी हाइ स्कूल खलारी में शनिवार को क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन किया गया। गैदरिंग का शुभारंभ विद्यालय के सचिव जामवंत सिंह व प्रधानाध्यापक एसएन तिवारी ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के तस्वीर पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया। प्रधानाध्यापक ने कहा कि प्रभु यीशु ने दुनिया में प्रेम का संदेश दिया है। क्रिसमस हमें स्नेह और आपसी भाईचारे का संदेश देता है। बच्चों ने नाटक के माध्यम से प्रभु यीशु के जन्म को दशार्या। ऊंचे वर्गों के बच्चियों ने कैरोल गीत व क्रिसमस डांस के माध्यम से प्रभु यीशु के शांति संदेशों को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में सांता क्लॉज बने बच्चों ने छात्र-छात्राओं के बीच चॉकलेट और उपहार दिया। पूरे कार्यक्रम में सांता क्लाज बने बच्चों ने अन्य बच्चों का भरपूर मनोरंजन किया। विद्यालय के सचिव ने कहा कि परमेष्वर को धरती पर प्रकट करने के लिए यीशु मसीह का जन्म हुआ क्योंकि परमेष्वर को किसी ने नहीं देखा। उनको मनुष्यों के बीच में प्रभु यीशु मसीह ने ही प्रगट किया। पुरे कार्यक्रम में मंच संचालन षिक्षक अजय सिंह ने किया। बच्चों को प्रशिक्षण करने में नेली तिर्की, सोनल बारा, रेशमा मिंज, सुनीता किसपोट्टा एवं पम्मी शिक्षिकाओं का सराहनीय योगदान रहा इनके अलावा अन्य सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने भी अपने-अपने स्तर से सहयोग किया। कार्यक्रम समाप्ति के पश्चात बच्चों के बीच मिष्ठान वितरण किया गया।

## मुन्नू शर्मा के प्रयास से पिपरवार की नाबालिग केरल से रेस्क्यू

आजाद सिपाही संवाददाता

**डकरा।** पिपरवार क्षेत्र से विगत 4 माह से लापता नाबालिक किशोरी को केरल राज्य के इडुकी जिले से रेस्क्यू कर लिया गया है। पूरी रेस्क्यू की घटना फिल्मी अंदाज में की गयी। कोयलांचल के मुन्नू शर्मा ने एक बार फिर से लापता नाबालिक की बरामदगी करा कर पूरे क्षेत्र में अपनी-अलग पहचान बना कर पिपरवार पुलिस के लंबित केस को निष्पादन कराने में अपनी बड़ी अहम भूमिका दिखाई है। ज्ञात हो कि अगस्त 2023 में नाबालिक युवती के गायब होने की सूचना परिवार वालों ने पिपरवार थाने में दर्ज कराया था। लगातार चतरा पुलिस इस युवती की खोजबीन में लगी हुई थी। इसी बीच 20 नवंबर को मुन्नू शर्मा को नाबालिक के केरल में होने की सूचना मिली। मुन्नु शर्मा ने बताया कि जानकारी मिलने के बाद केरल राज्य में नाबालिक को खोज पाना बहुत कठिन कार्य था। सूचना देने वाले के माध्यम से नाबालिक जिस स्थान पर थी वहां के एक मजदूर से संपर्क कर उसके वाट्सप के जरिये मोबाइल लोकेशन के आधार पर जगह का पता लगाया गया। इसके बाद तत्काल मुन्नू शर्मा के द्वारा केरल के कोझिकोड कन्नूर स्थित चाइल्ड वेल्फेयर ऑफिसर मोहम्मद असरफ को इसकी पूरी सूचना और पूरी डिटेल्स दी गयी। पूरी जानकारी को केरल पुलिस मुख्यालय डीजीपी तिरुवनंतपुरम के एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट टीम को अर्लट किया गया। वाट्सप द्वारा भेजे गये लोकेशन की पहचान तमिलनाडु और केरल दो राज्यों का बॉर्डर क्षेत्र पेरियार नदी के किनारे एलाकड़ नामक स्थान था। सूचना मिलते ही थाना क्षेत्र वेंडी पेरियार की पुलिस डीजीपी एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग टीम ने स्थान की पहचान कर घने जंगल से गिरे उक्त स्थान से नाबालिक को रेस्क्यू कर इसकी सूचना मुन्नु शर्मा को दी। मुन्नु शर्मा ने चतरा पुलिस अधीक्षक एवं पिपरवार थाना प्रभारी को नाबालिक के रेस्क्यू की सूचना दी। चतरा पुलिस अधीक्षक ने इस बड़े कार्य पर मुन्नू शर्मा की सराहना की है।

### एसीसी हाई स्कूल खलारी ने गंभीर बीमारी से ग्रसित छात्र को किया आर्थिक सहयोग



**खलारी।** एसीसी हाई स्कूल खलारी के विद्यालय प्रबंधन ने बच्चों, शिक्षकों एवं प्रबंधन की ओर से संयुक्त रूप से प्लास्टिक एनीमिया नामक गंभीर बीमारी से ग्रसित विद्यालय का छात्र अंकित कुमार को आर्थिक सहयोग किया है। षनिवार को विद्यालय पहुंचे अंकित के पिता विनोद कुमार को विद्यालय प्रबंधन की ओर से सचिव जामवंत सिंह एवं प्रधानाध्यापक एसएन तिवारी के द्वारा 41 हजार रुपए का सहयोग राषि का चेक प्रदान किया। विद्यालय परिवार की ओर से अंकित के जल्द स्वस्थ्य हो कर पुन: विद्यालय परिवार में षामिल होने की ईष्वर से कामना की।

### क्रिसमस को लेकर आज होगा कार्यक्रम

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाकों में आज क्रिसमस को लेकर कई कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा, जिसको लेकर सारी तैयारी पूरी कर ली गयी है। कोयलांचल क्षेत्र में क्रिसमस का उत्साह देखा जा रहा है। कोयलांचल क्षेत्र के कैथोलिक चर्च मंडेर मे क्रिसमस को लेकर सारी तैयारी पुरी कर ली गयी है। पुरे चर्च को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। रात्रि में कई प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। इस कार्यक्रम मे फादर सुनील बारा, सिस्टर विक्टोरिया मिंज,रौशन रामु मिंज, अलेकजेण्डर तिरगा, दिनेश तिग्गा, करूणा तिर्की, रजनी तिर्की, शिला एक्का, सुनील टोपनो सहित कई लोग शामिल होंगे। वही सुबह में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया जायेगा, जिसमें समाज से जुड़े सभी लोग शामिल होंगे।

## प्रकृति पूजकों को धार्मिक गुलामी के लिए बाध्य करना बंद करो: धर्मगुरु बगरय ओड़ेया

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** मुरहू प्रखंड के के बालो गांव में रविवार को सरना धर्म सोतोः समिति का शाखा स्थापना दिवस सह सरना धर्म प्रार्थना सभा का आयोजन रविवार कों किया गया। जीतू पाहन, लुथड़ू मुंडा और विश्राम डोडराय की अगुवाई में अनुयायियों के साथ सरना स्थल में भगवान सिंगबोंगा की पूजा-अर्चना कर सुख, शांति और खुशहाली की कामना की गयी। मौके पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अथिति अथिति के तौर पर जिला परिषद अध्यक्ष मसीह गुड़िया और विशिष्ट अथिति के रूप में डॉ रामदयाल मुंडा के पुत्र गुंजल इकिर मुंडा थे। इस अवसर पर धर्मगुरु बगरय ओड़ेया ने कहा कि सरना



विश्व का सबसे पुराना धर्म है, जो प्रकृति पर आधारित है। अब सरना धर्म कोड के लिए करो या मरो की तर्ज पर राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में जोरदार आंदोलन चलाया जायेगा, ताकि भारत सरकार जनगणना परिपत्र में सरना धर्म कोड को अंकित करें। कहा कि आज देश में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है और दूसरी ओर जनजाति समाज के धार्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक मसले को अनदेखा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरना कोड न देकर आजाद भारत में आदिवासियों को धार्मिक गुलामी और धर्मांतरण के लिए क्यों बाध्य किया जा रहा है। हम भारत के मूल निवासी हैं जिससे धर्म-संस्कृति संरक्षण के दावेदार है। भारत सरकार सरना धर्म कोड यथाशीघ्र लागू करें। मसीह गुड़िया ने कहा कि समाज में अशिक्षा व बेरोजगारी है, जिसे राज्य सरकार सामाजिक संगठनों के साथ समंन्य स्थापित कर इसे खत्म करने का प्रयास कर रही है। सरना, जतरा, हड़गड़ी जैसी सामाजिक-धार्मिक धरोहरों की घेराबंदी कर संरक्षण व संवर्धन दे रही है। इसके लिए गांव-गांव में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। सभी गांव के प्रबुद्ध जन, माता-पिता और सामाजिक अगुओं को ऐसी योजनाओं को लाभ लें और धार्मिक-सामाजिक धरोहरों का संरक्षण करें। कार्यक्रम में डॉ सीताराम मुंडा, मथुरा कंडीर, जेना तोपनो, मधु बारला, दीपा डोडराय, अभिमन्यु पाहन, दुगलु मुंडा, सोमा मुंडा, सुनील गुड़िया, गोमेया पाहन, सोमरा भेंगरा, बुधराम मुंडा, साबा बारजो, समिया डोडराय, मंगरा बरजो, बिरसा तोपनो, करमू हेमरोम, सुभासिनी पुर्ति, जमुना मुंडू ने विचार व्यक्त किए। कार्यकम्र में कई गांवों के सरना धर्मावलंबी शामिल हुए।

## महत्वपूर्ण खबरें

### दीपक स्वांसी अध्यक्ष और दुर्गाचरण सचिव बने



**अड़की (आजाद सिपाही)।** अड़की प्रखंड स्वांसी समाज कार्यसमिति की बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता अजिताभ स्वांसी ने की। इसमें समाज के द्वारा अड़की प्रखंड समिति का गठन किया गया। अध्यक्ष दीपक स्वांसी, उपाध्यक्ष लखीनारायण स्वांसी, सचिव दुर्गाचरण स्वांसी, उप सचिव शांति देवी कोषाध्यक्ष इंद्रजीत स्वांसी, संरक्षक रवींद्र, संगठन मंत्री बाकेलाल स्वांसी चुने गये। कार्यक्रम में अजिताब स्वांसी गुरुचरण स्वांसी, रोहित स्वांसी, रंजीत स्वांसी, महावीर स्वांसी, सारुबाला देवी, कामेश्वर स्वांसी, अमर स्वांसी, गुरुलाल स्वांसी, राधामोहन स्वांसी आदि उपस्थित थे।

### नेत्र जांच शिविर में 90 मरीजों की जांच

**सिल्ली (आजाद सिपाही)।** लायंस क्लब ऑफ रांची इस्ट और सेवा भारती सिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में सिल्ली में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नेत्र रोग के 90 लोगों की जांच हुई। जांच के उपरांत 36 मरीजों में मोतियाबिंद के लक्षण पाये गये, जिनका ऑपरेशन 26 दिसंबर को निरामया अस्पताल रांची में किया जायेगा। शिविर को सफल बनाने में प्रवीण अग्रवाल, स्वरूप दत्ता, उपेन सर, भरत सिंह, राहुल भद्रा, आयुष अग्रवाल, दिलीप डे, ऋषि सोनार, प्रशांत रविदास, जगदीश गोराई, कार्तिक गोराई, अमर अग्रवाल आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### ठंड के कारण जलावन लकड़ी की बढ़ी डिमांड



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड़ बाजार में भीषण ठंड के कारण जलावन लकड़ी की लूट मची है। मनमानी कीमतों पर लकड़ी का एक बोझा सौ रुपये से एक सौ बीस तक बिक रहा है, जो पहले साठ से सत्तर रुपये में बिकती थी। केंद्र सरकार की उज्ज्वला योजना के अंतर्गत बांटी गयी मुफ्त गैस योजना फेल होती नजर आती है। गरीब तबके के लोग गैस नहीं भरा पाते हैं। वह अब घरों मे सजावट की बस्तु बन गया है। लोग अभी भी लकड़ी चूल्हा का ही इस्तेमाल कर रहे हैं। वन विभाग भी इस ओर ध्यान नहीं देता है। जंगलों की अवैध कटाई बदस्तूर जारी है। इसे रोका नहीं जा रहा है, जिससे जंगलों में लकड़ी खत्म होने जा रही है। तमाड़ बाजार लकड़ी आते ही लूट मच जाती है।

### एलेक्स एफसी घाटदुलमी को हरा अमृत ब्रदर बना चैंपियन



**ईचागढ़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के लेपाटांड़ फुटबॉल मैदान में ग्रामीण क्रीड़ा संस्था की ओर से एक दिवसीय फुटबॉल खेल का आयोजन किया गया। फुटबॉल खेल में कुल 8 टीमें हिस्सा लिया। फाइनल मुकाबला अमृत ब्रदर और एलेक्स एफसी घाटदुलमी के बीच खेला गया, जिसमें अमृत ब्रदर ने एलेक्स एफसी घाटदुलमी को पराजित कर प्रतियोगिता का विजेता बना। वहीं इस फुटबॉल खेल प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार एक लाख एकसठ हजार और द्वितीय पुरस्कार एक लाख ग्यारह हजार रखा गया था। मौके पर ईचागढ़ विधायक सबिता महतो, आजसू नेता हरेलाल महतो, भाजपा नेता सारथी महतो, जेबीकेएसएस नेता तरुण महतो, झामुमो नेता ऋषिकेश महतो, मुन्ना महतो, कपिल सिंह मुंडा, पशुपति बागची सहित अन्य मौजूद थे।

### लोगों को कांग्रेस परिवार से जोड़ें: अष्ण संगा



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** खूंटी जिला युवा कांग्रेस कीकार्यकारिणी की बठक रविवार को मुरहू प्रखंड में आयोजित की कई। बैठक की अध्यक्षता युवा कांग्रेस के कार्यकारी जिला अध्यक्ष अरुण संगा ने की। मौके में खूंटी जिला सह प्रभारी मो शादाब खान ने कहा कि अब समय आ गया है और आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए सभी युवा एकजुट हो जाएं और पूरे प्रखंड में अधिक से अधिक लोगों को कांग्रेस परिवार से जोड़ें। अरुण संगा ने कहा कि सभी युवा को एकजुट होना है और बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत कर काम करना है, बैठक में चार युवाओं को युवा कांग्रेस कें विभिन्न पदों की जिम्मेवारी दी गयी। बहा मुंडा को खूंटी जिला युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष, प्रमोद कुमार को खूंटी प्रखंड उपाध्यक्ष, सोनू को खूंटी प्रखंड सचिव, कैफ खान को खूंटी प्रखंड सचिव बनाया गया। मौके में युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष तरहां खान, मुरहू प्रखंड अध्यक्ष मो नौशाद खान, खूंटी प्रखंड उपाध्यक्ष दशरथ, विधानसभा उपाध्यक्ष एमडी उस्मान, पप्पू खान सहित कई कायकर्ता उपस्थित थे।

### ग्रामीण ने फंदे से झूलकर कर ली खुदकुशी

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** मुरहू के बंहनी गांव निवासी देवनाथ नायक नामक 40 वर्षीय ग्रामीण ने रविवार को अपने घर में ही फंदे से झूलकर आत्महत्या कर ली। स्वजनों के अनुसार देवनाथ नायक रविवार को दिन में घर से अन्यत्र कहीं गया था। वापस घर लौटने के बाद वह अपने कमरे में चला गया और कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर पत्नी की साड़ी से सीलिंग फैन में फंदा लगाकर उसमें झूल गयी। स्वजनों ने जब कमरे की खिड़की से इस घटना को देखा, तो आनन-फानन में कमरे की छत में लगे चदरा शेड को उखाड़ कर कमरे में प्रवेश किया और देवनाथ को फंदे से नीचे उतारा। तुरंत उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल खूंटी ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### रीना ने असहाय लोगों के बीच कंबल बाटा



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के कल्याणपुर, बहेरा और मंडेर गांव में टंडवा प्रमुख रीना कुमारी ने गरीब, असहाय लोगों के बीच कंबल का वितरण किया। उक्त जगह पर एक सादे समारोह आयोजित कर क्षेत्र के गरीब असहाय और वृद्ध लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। इस संबंध में प्रमुख रीना कुमारी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में गरीब, असहाय लोगों को ठंड में काफी परेशानी होती है।गरीब आग जलाकर ठंड से बचने की कोशिश करते हैं,लेकिन अब लकड़ी का भी अभाव हो गया है। जिस कारण उन्हें काफी परेशानी हो रही है। क्षेत्र में बढ़ते ठंड के प्रकोप को देखते हुए गरीबों के बीच कंबल का वितरण किया जा रहा है। कार्यक्रम में उन्होंने करीब 60 लोगों के बीच कंबल का वितरण किया।

## लापरवाही : 20 लाख मुआवजा और मृतक की पत्नी को सरकारी नौकरी देने की मांग

# बिजली खंभे पर ही जलकर मिस्त्री की मौत

## पांच घंटे तक शव रखकर प्रदर्शन करते रहे ग्रामीण, पहुंचे विधायक

**बिजली के खंभे पर चढ़कर काम करने के दौरान लगा करंट**

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिस्कानगड़ी।** बिजली विभाग के कर्मी की लापरवाही से नगड़ी थाना क्षेत्र के लोटरदाग पतरा के समीप स्थित 11 हजार वोल्ट के पोल (खंभे) पर चढ़कर काम कर रहे बिजली मिस्त्री की करंट लगने से मौके पर ही मौत हो गई। उसकी पहचान दीनबंधु महतो के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों की मदद से पोल में लटकते शव को किसी तरह नीचे उतारा गया। तब तक शरीर पूरी तरह जल गया था।

जानकारी के अनुसार रविवार की सुबह 11.30 बजे लोटरदाग पतरा के समीप 11 हजार बिजली पोल में तार कट जाने की सूचना पाकर पहुंचे दीनबंधू बंधेया ने फोन कर सब स्टेशन से बिजली की लाईन काटने को कहा। इसके बाद दीनबंधू पोल में चढ़ कर तार बनाने लगा। तभी पोल में करंट आ गया और दीनबंधू उसकी चपेट में आ गया, जिससे उसका शरीर धू-धू कर जलने लगा। राहगीरों ने नगड़ी के वरीय ग्रामीण और नगड़ी थाना प्रभारी रोहित कुमार को तुरंग इसकी सूचना दी। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। शव उठाने का प्रयास किया, लेकिन ग्रामीणों ने शव उठाने नहीं दिया। आक्रोशित ग्रामीणों ने शव को पांच घंटा तक घटनास्थल पर रखकर प्रदर्शन तिया। इसकी सूचना पाकर शाम चार बजे हटिया विधायक नवीन जायसवाल, जिप सदस्य के प्रतिनिधि बजरंग महतो, थाना प्रभारी रोहित कुमार, प्रमुख मधुवा कच्छप, जोहार पार्टी के अध्यक्ष विजय कुमार कुशवाहा, शिला देवी, रमेश महतो, अजय महतो, रोहित महतो, कैलाश महतो, शंभु महतो और विजय महतो आदि मौके पर पहुंच गए। मृतक के परिजन और ग्रामीणों की सहमति से बिजली विभाग के वरीय अधिकारियों से वार्ता की। जिसके बाद बिजली विभाग की ओर से सात लाख रुपये मुआवजा दिया जाएगा। वहीं, तत्काल सहायता के लिए दो लाख रुपये देने का आश्वासन दिया। लगे हाथ 50 हजार रुपये दिया गया। बाकि रकम दो-तीन दिनों में देने की बात कही गयी। हालांकि ग्रामीणों 20 लाख रुपये मुआवजा, मृतक की पत्नी को सरकारी नौकरी देने की मांग करते रहे। गौरतलब हो कि 36 वर्षीय दिलबंधु मूल रूप से बाजपुर के फगुवा टोली का रहने वाला था। लेकिन वर्तमान में नगड़ी के बांध टोली में घर बना के रहता था। पेशे से बिजली मिस्त्री था। घर में पत्नी हेमंती देवी के साथ 11 वर्षीय पुत्री मुश्कान कुमारी और एक साल का बेटा शिवांश है। वह घर का एक मात्र कमाऊ सदस्य था। दूसरी ओर, विधायक नवीन जयासवाल ने विभाग से घटना की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। साथ ही दीनबंधू की पत्नी को सरकारी नौकरी देने की मांग की है। विधायक ने बिजली विभाग से कहा कि स्थानीय बिजली मिस्त्री के जीवन से खिलवाड़ करना बंद किया जाए।


खंभे पर जलता बिजली मिस्त्री का शव।

# आम जन की हर समस्या का समाधान करने का करूंगा प्रयास: राजेश कच्छप

**मुख्यमंत्री राहत कोष योजना के तहत 6 लोगों को मिली आर्थिक सहायता राशि**

आजाद सिपाही संवाददाता



**नामकुम।** खिजरी विधायक राजेश कच्छप की अनुशंसा पर मुख्यमंत्री चिकित्सा अनुदान राहत कोष योजना के तहत विभिन्न रोगों से पीड़ित कुल 6 मरीजों को तीन लाख रुपये का लाभ दिलाया गया। रविवार को विधायक के नामकुम लुपुंगटोली स्थित आवास में मरीजों को चेक सौंपा गया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि जनता के हर सुख दुःख में वे और उनकी सरकार खड़ी है। जनता की हर समस्या के सामाधान का प्रयास करुंगा। इस दौरान लाभुकों के बीच चेक का वितरण किया गया। जिसमें डहुवा बगानटोली निवासी करमा उरांव, थाना अनगड़ा को 50 हजार, आदर्श नगर टाटीसिलवे निवासी नमिता देवी, थाना टाटीसिलवे को 50 हजार, इरबा निवासी कमाल राजा, थाना ओरमांझी को 50 हजार, चिलदाग निवासी सहजराम महतो थाना अनगड़ा को 50 हजार, चिलदाग निवासी पकलू चौधरी, थाना अनगड़ा को 50 हजार एवं करमा निवासी रौशन जहां, थाना ओरमांझी को 50 हजार रुपए का चेक सौंपा गया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि अनगड़ा राजेन्द्र मुंडा, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष एतवा उरांव, पूर्व मुखिया अनीता देवी, विधायक प्रतिनिधि धरमु नायक, संजय प्रसाद, मुखिया हिरदू उरांव, मकर मुंडा, बबलू लकड़ा, पंचू तिर्की, दिनेश चंद्र प्रमाणिक आदि उपस्थित थे।

## बेड़ो में मना प्रभु यीशु का जन्मोत्सव



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रभु यीशु के जन्मोत्सव पर आयोजित होने वाले क्रिसमस को लेकर बेड़ो प्रखंड क्षेत्र के गिरजाघर सज-धजकर तैयार हैं। सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। दिघिया चर्च परिसर में रविवार की रात 10 बजे से मिस्सा पूजा अनुष्ठान, चरनी की आशीष,व प्रार्थना हुई। प्रखंड के रोमन कैथोलिक चर्च दिघिया व खत्रीखटंगा गिरजाघर को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। वहीं करांजी गांव में आकर्षक चरनी बनाई गई है। जहां बिजली बल्ब, रंग बिरंगे लट्टूओं व रंगीन झालर से चर्च की शोभा देखते ही बन रही है। गिरजाघर व परिसर में बने चरनी में प्रभु यीशु का दर्शन होगा। चर्च के पल्ली पुरोहित सह मुख्य अनुष्ठान कर्ता फादर भिंसेन्ट मिंज ने बताया कि प्रभु यीशु का जन्मोत्सव रात 10 बजे से मनाया जाएगा। इस अवसर पर चरनी का आशीष, प्रार्थना अनुष्ठान, मिस्सा पूजा, यीशु चुंबन, यीशु संदेश व बाइबिल पाठ कर प्रभु की उपासना की जाएगी। मसीही समाज के लोग प्रभु के जन्मोत्सव का गीत गाकर खुशियां मनाएंगे। इधर, क्रिसमस को लेकर मसीही समुदाय में काफी उत्साह है। वहीं, सिस्टर दिव्या की अगुवाई में वेदी का श्रृंगार किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में फादर अजय मिंज, फादर राबर्ट मिंज माता प्रबला केरेकेट्टा, सिस्टर नीलिमा, पात्रिक तिर्की, पल्ली के अध्यक्ष देवनिश तिग्गा, निकोलश प्रकाश मिंज, सुधीर टोप्पो, किशोर भूषण तिर्की, रवि फ्रांसिस मिंज, दिलीप कुजूर, ऐमिल तिग्गा आदि की भूमिका सराहनीय रही।

## रातू में विद्युत विभाग की छापामारी, 11 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज, 1.74 लाख का जुर्माना

**रातू (आजाद सिपाही)।** झारखंड ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड, बिजली चोरी के खिलाफ निगम के आदेश पर विभाग की ओर से गठित टीम ने शनिवार को इलाके के तिलता व चितरकोटा व विजुलिया में छापामारी अभियान चलाया। सहायक विद्युत अभियंता, विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल प्रशांत कुमार सिंह के नेतृत्व में की गई छापामारी में तिलता के 4 व चितर कोटा में 7 लोगों को बिजली चोरी करते रंगे हाथ पकड़ा। इन पर एक लाख 74 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। आरोपियों में तिलता हनुमान नगर की रेखा देवी, आनंदनगर के मनु साव, तिलता बगीचा के मनोज कुमार, व श्रीवास्तव उरांव शामिल है। इनपर क्रमशः 28,517 हजार, 22,604 हजार, 23 हजार व 11 हजार 500 रुपया का जुर्माना लगाया गया है। वहीं, चितर कोटा बड़काटोली में 5 व विजुलिया में 7 लोग पकड़े गये। आरोपियों में वेद प्रकाश उरांव, बुधुराम उरांव, रबेल खलखो, नूरी लता खलखो, व आशीष अल्बर्ट खलखो, चितरकोटा बड़काटोली, ईश्वर साहू, सोनू कुमार शामिल है। इस बाबत रातू थाने में 11 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गई है। वहीं, छापामारी दल में कनीय विद्युत अभियंता आपूर्ति प्रशाखा इटकी बेड़ो अशोक प्रिय, विद्युत आपूर्ति पर शाखा रातू चट्टी मिन्हाज अंसारी, सरफुद्दीन अंसारी, विवेक द्विवेदी आदि शामिल थे।

## समाधान संस्था और माउंट कार्मेल स्कूल के सहयोग से गणेशपुर में 200 कंबल वितरण



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** समाधन संस्था और माउंट कार्मेल स्कूल के सहयोग से प्रखंड के गणेशपुर गांव में फुटबॉल मैच के आयोजन के साथ ही कंबल वितरण भी किया गया। माउंट कार्मेल स्कूल एवं गणेशपुर की टीम के बीच फ्रेंडली मैच खेला गया। जिसमें गणेशपुर की टीम एक गोल से विजय रही। विजेता और उप विजेता टीम को अतिथियों द्वारा मेडल, जर्सी और फुटबॉल दिया गया। गणेशपुर की महिला समिति द्वारा माउंट कार्मल स्कूल एवं समाधान संस्था के सदस्यों को फूल माला देकर स्वागत किया गया। इस मौके पर माउंट कार्मल स्कूल के निदेशक फादर मैथ्यू, फादर दीपक, सिस्टर ब्रिजीत, अशोक गुप्ता, जयडीहा की मुखिया सावित्री देवी, पूर्व मुखिया विनोद बेदीया, विष्णु बेदीया, राम लखन बेदिया, परमेश्वर बेदीया, और सुनील कुमार सिंह उपस्थित थे।

## मकान का ताला तोड़ कर गहने चोरी

**इटकी (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के बारीडीह गांव के एक गृहस्वामी महताब अंसारी अपने मकान में ताला लगाकर दुग्ध लेने गए थे। इसी का लाभ उठाकर घात लगाये चोरों ने आधे घंटे के अंदर दरवाजा में लगे ताला तोड़कर हजारो रुपये के सोने-चांदी के गहने चोरी कर चंपत हो गए। इस बाबत महताब अंसारी ने रविवार को थाना में मामला दर्ज कराया है।

# टोल प्लाजा के समक्ष आदिवासी मूलवासी एकता मंच का प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** विभिन्न मांगों को लेकर आदिवासी मुलवासी एकता मंच के बैनर तले रविवार को रिंग रोड एनएच-33 हेसल स्थित निमार्णाधीन टोल प्लाजा के समक्ष एकदिनी धरना-प्रर्दशन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व एकता मंच के अध्यक्ष रामपोदो महतो एवं सचिव मुन्ना मुण्डा ने किया। जबकि धरना-प्रर्दशन में टोटेमिक कुरमी/कुड़मी विकास मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष शीतल ओहदार शामिल होकर इनके जायज मांगों का समर्थन किया। धरना-प्रर्दशन में शामिल लोगों द्वारा टोल गेट से 20 किमी के दायरे में आने वाले सभी गांव के लोगों को चारपहिया वाहन में वगैर टोल शुल्क के आवागमन की सुविधा प्रदान करने, ग्रामीणों की सुविधा के लिए एनएच फेज-1 अंडर पास रोड में सर्विस रोड का निर्माण कराने, अधिग्रहित जमीन का लंबित मुआवजा राशि का भुगतान करने, टोल प्लाजा में स्थानीय बेरोजगार युवकों तथा प्रभावित रैयत के परिवार के एक सदस्य को रोजगार उपलब्ध कराने आदि मांग की गई। इस अवसर पर अध्यक्ष रामपोदो महतो ने कहा कि एनएचआई द्वारा एनएच 33 फेज-1 सड़क निर्माण में स्थानीय रैयतों को ठगने का काम किया गया है। रिंग रोड के नाम पर जमीन तो अधिग्रहण कर लिया गया पर अभी तक कई रैयतों को मुआवजा राशि का भुगतान नहीं किया गया। अब स्थिति यह है कि स्थानीय लोगों को अपने गांव तक आने जाने के लिए अंडर पास एवं एप्रोच रोड की सुविधा से भी वंचित करने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं, शीतल ओहदार ने कहा कि गांव के लोग अपने अधिकारों को लेकर संगठित नहीं है जिस कारण सरकार के संरक्षण में कार्पोरेट घराने हमारा हर तरफ से शोषण करते हैं। मौके पर संयोजक सखीचंद महतो, मुन्ना मुण्डा, राजेश महतो, सुप्रेश महतो, गबेश्वर महतो, बाबुराम महतो, मिनहाज आलम, शाहिद अंसारी, मुखिया कविता देवी आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए। बाद में एनएचआई के कार्यपालक अभियंता के नाम थाना प्रभारी दिलेश्वर कुमार को मांगपत्र सौंपा गया। धरना-प्रर्दशन में आसपास के सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## हाजी शरीफ बने सदर, मोख्तार शाह नायब सदर

आजाद सिपाही संवाददाता




**रातू।** अंजुमन इस्लाहुल मोमेनिन फुटकल टोली का चुनाव रविवार को शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। अपने निकटतम प्रतिद्वंदी हबीबुल उर्फ गुड्डू को 60 मतों से हराकर हाजी शरीफ सदर बने। इसके अलावा नायब सदर के लिए मुख्तार शाह ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी असलम अंसारी को 145 मतों से हरा दिया। चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने में फुटकल टोली चुनाव निगरानी कमेटी ने बहुत अहम भूमिका निभाई। कमेटी के अध्यक्ष उप प्रमुख रेयाजूल अंसारी, सचिव हाजी गुलाम सरवर, कोषाध्यक्ष इरसाद अंसारी ने रातू प्रखंड अंजुमन इस्लामिया व अमन ग्रुप वेलफेयर ट्रस्ट के अध्यक्ष अताउल्लाह अंसारी, नायब सेक्रेट्री मोख्तार अंसारी, अंजुमन इस्लाहुल मोमेनीन फुटकलटोली के सेक्रेटरी सेराजुद्दीन अंसारी, खजांची मास्टर आरिफ, आलम अंसारी नायब सेक्रेट्री, आफताब अंसारी और वसीम मलिक और मौलाना डाक्टर दिलदार मिस्बाही कारी एनामुल व अमन ग्रुप के लोगों का सराहनीय योगदान रहा। हाजी शरीफ के सदर बनने पर बुढ़मू प्रखंड अंजुमन कमेटी के सदर शमीम बड़ेहार,अमन ग्रुप के सदर अताउल्लाह अंसारी, सचिव अमन राज, जेयाउल हक, मो शामी आदि ने बधाई दी।

## इटकी में 1200 जरूरतमंदों के बीच बांटा कंबल



**इटकी (आजाद सिपाही)।** मारुति मंगल परिवार की ओर से थाना के पास के कुंदी खेल मैदान में रविवार को कार्यकम आयोजित कर 1200 जरूरतमंद गरीबों के बीच कंबल वितरण किया गया। परिवार के केंद्रीय अध्यक्ष विक्रम महतो ने कहा कि किसी से अपेक्षा नहीं, किसी की उपेक्षा नहीं। नर सेवा ही नरायण सेवा के मूल मंत्र के तहत पिछले 10 वर्षों से लगातार सर्व समाज के गरीब परिवारों के बीच कंबल वितरण करते आ रही है। उन्होने लोगों को अपने हक और अधिकार के प्रति सजग रह कर समाज में फैले कुरितियों को दूर करने का आह्वान किया। मारुति मंगल परिवार के संगठन प्रमुख सुमेश कुमार ने स्थानीय संस्कार, संस्कृति, खान पान, गीत संगीत नृत्य और सांस्कृतिक और सामाजिक विरासत को संरक्षित करने पर जोर दिया। इस दौरान जिप सदस्य रीणा देवी, अमरनाथ भोक्ता, बाल किशोर मुण्डा, जयप्रकाश उरांव, धरमचंद महतो. अजय जोगी, संजय कुमार, जन्मेजय महतो आदि ने अपने विचार रखे। मौके पर इशेष शाही, पंचम महतो, कृष्णा राम तिवारी, संदीप रुद्रा स्व संचालन नितीश कुमारआदि मौजूद थे।

## शिकायत का निदान

**रातू (आजाद सिपाही)।** विगत 16 दिसंबर को रातू प्रखंड अंतर्गत हुरहुरी पंचायत सचिवालय में सरकार आपके द्वार के तहत शिविर लगाया गया था। जिसमें ग्रामीणों ने हुरहुरी में तार झुके होने की लिखित शिकायत विभाग से की थी। जिसका अधिकारियों ने निरीक्षण करने के बाद रविवार को ग्रामीणों की समस्या का समाधान करते हुए झुके व जर्जर तार को बदल कर समस्या का निवारण कर दिया।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## अयोध्या से लापुंग पहुंचा अक्षत, बच्चे ने भिक्षाटन कर भंडारा का किया आयोजन



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** अयोध्या से प्राण प्रतिष्ठा आमंत्रण के लिए पूजित अक्षत कलश लेकर रविवार को विश्व हिंदू परिषद के खूंटी जिला अध्यक्ष विनोद जयसवाल, उपाध्यक्ष विकास मिश्रा, कोषाध्यक्ष प्रवीण जयसवाल, बजरंग दल के संयोजक प्रकाश अधिकारी लापुंग पहुंचे हैं। इस अवसर पर फतेहपुर बजरंगबली मंदिर के समीप विहिप कार्यकारी अध्यक्ष राम प्रसाद साहू, मंत्री समीर गुप्ता, महेश कुमार, सुजीत रक्षित आदि विहिप सदस्यों ने पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान पुजारी अजीत शर्मा द्वारा विधिवत मंत्रों चारण के साथ अक्षत व कलश का पुजन किया गया। इसमें दुर्गा वाहिनी की महिलाओं ने भी पूजित अक्षत ग्रहण किया। एक से 15 जनवरी तक कलश के पीले चावल, आमंत्रण पत्र व नव निर्मित मंदिर का चित्र जन-जन तक पहुंचाने का अभियान शुरू किया जाएगा। साथ ही प्राण प्रतिष्ठा के दिन मंदिरों में पूजा अर्चना के साथ दीपावली मनाई जाएगी। उधर, बाल संस्कार की ओर से भिक्षाटन घर-घर से चावल, दाल व बाजार से हरि सब्जी इकट्ठा कर खिचड़ी बनाया गया व भोग लगाने के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया।

## बेड़ो सरना क्लब महिला फुटबॉल टीम ने जामटोली डैम में आयोजित किया वनभोज



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** खेल तो खेल होती है। खेलने की कोई उम्र नहीं होती। उक्त बातें बेड़ो सरना क्लब महिला फुटबॉल टीम की फुटबॉल खिलाड़ी संगीता कुमारी ने कही। प्रखंड के हरिहरपुर जामटोली पंचायत स्थित डैम में आयोजित वनभोज कार्यक्रम के दौरान बोल रही थीं। उन्होंने कहा कि बेड़ो सरना क्लब महिला फुटबॉल टीम में सभी विवाहित महिलाएं हैं। टीम ने प्रज्ञा संस्था द्वारा आयोजित मातृशक्ति फुटबॉल प्रतियोगिता में भाग लेकर बेड़ो सरना क्लब महिला फुटबॉल की टीम ने खिताब अपने नाम किया था। यह वनभोज उसी का एक हिस्सा है। वहीं, जीवंती मिंज ने कहा कि प्रखंड के अन्य कई गांव की विवाहित महिलाएं उनके टीम में जुड़ रही है। शादीशुदा महिलाओं को लेकर ही फुटबॉल टीम बनाई गई हैं। वनभोज में प्रज्ञा संस्था मातृशक्ति फुटबॉल टीम के रेफरी सुमित केवट, अमित तिग्गा समेत किरन शामिल हुई। वनभोज में 21 पड़ाहा राजा महादेव कुजूर, करन जादूगर, शशि गोप, अनमोल विनय तिर्की, रंजन गुप्ता, अशोक गोप आदि शामिल थे।

## जैलेंद्र ने केंद्र सरकार की उपलब्धियां बतायीं




**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** पीएम नरेंद्र मोदी की गारंटी,विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान सिल्ली के गोडाडीह में केंद्र सरकार की उपलब्धियों को रांची ग्रामीण जिला के पूर्व अध्यक्ष जैलेंद्र कुमार ने विस्तार से बताया। मौके पर गैस कनेक्शन, जॉब कार्ड एवम कंबल वितरण किया। कार्यक्रम में स्वास्थ विभाग,गैस एजेंसी,महिला समिति के साथ भाजपा सिल्ली के मंडल अध्यक्ष विनोद साहू,ग्राम प्रधान सुखराम बेदिया,मुखिया,वार्ड सदस्य सहित सैकड़ों लाभार्थी मौजूद रहे। साथ ही सभी महिला-पुरुषों ने स्वस्थ समाज के निर्माण का संकल्प लिया।

## आजसू ने हुवांगहातू पंचायत में जरूरतमंदों के बीच कंबल बांटा

# आजसू का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र व लोगों का सर्वाधिक विकास करना : प्रकाश लकड़ा

आजाद सिपाही संवाददाता



**नामकुम।** प्रखंड के हुवांगहातु पंचायत में रविवार को आजसू की ओर से कंबल वितरण किया गया। इससे पूर्व प्रखंड अध्यक्ष रतनलाल सिंह होण्डा की अध्यक्षता में बैठक की गयी। अपने संबोधन में रांची जिला उपाध्यक्ष प्रकाश लकड़ा ने कहा कि आजसू का मुख्य उद्देश्य पढ़ाई, दवाई, क्षेत्र का सवार्गीण विकास करना है। आजसू माटी की पार्टी है। ये राज्य स्वाभाविक नहीं आजसू के ऊजार्वान क्रांतिकारी योद्धाओं के त्याग एवं शहादत से ही झारखंड राज्य अलग हुआ। इस राज्य की दशा, दिशा या सवार्गीण विकास, निति निर्धारण अगर कोई कर सकता है तो वह पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो हैं। वहीं, पंचायत प्रभारी विवेक कुमार गोप और महिला पंचायत प्रभारी मूर्तमणी देवी की अगुवाई में हुवांगहातु पंचायत के टोलों में वृद्ध महिला एवं पुरुषों को ठंड से बचने के लिये आजसू के सौजन्य से कंबल दिया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय सचिव जितेन्द्र सिंह, ग्राम प्रभारी राकेश सिंह, नागेश्वर सिंह विंजिया, शंभू सिंह विजिया, राजेन्द्र सिंह मुंडा, शनिका मुंडा, लखन नायक, सुखराम मुंडा, हरि सिंह, नागेश्वर मुंडा, कोड़े मुंडा, शिवा नायक, कजरू मुंडा, मांडू नायक, सोमरा नायक, लालमोहन सिंह, महादेव मुंडा, बलदेव सिंह विजिया, डोमन सिंह, कालांदी देवी, बाला देवी, देवकी देवी आदि उपस्थित थे।

## जोन्हा की लड़कियां खेलकूद में कर रही हैं नाम रौशन, दूसरों के लिए बनीं प्रेरणा



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** प्रखण्ड के जोन्हा पंचायत अंतर्गत जिदू गांव की रहने वाली प्रियंका मुण्डा एवं सपना मुण्डा एथलेटिक्स में राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने के साथ ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिभाशाली अन्य लड़कियों को भी एक श्रेष्ठ एथलेटिक्स बनाने के लिए प्रेरित कर रही हैं। मालूम हो कि समाजसेवी रिझुवा मुंडा की पुत्री प्रियंका कुमारी एवं सपना मुंडा हैदराबाद के आहान फाउंडेशन से जुड़े हैं। प्रियंका कुमारी आहान फाउंडेशन की निदेशक भी है। आहान फाउंडेशन के सहयोग से किक ऑफ अमेरिका द्वारा इन दोनों लड़कियों को छात्रवृत्ति भी प्रदान किया जाता है। पिछले दिनों सपना एवं प्रियंका हैदराबाद के पुलेला गोपीचंद एकेडमी से एथलेटिक्स का प्रशिक्षण प्राप्त कर गांव वापस लौटी हैं। ये दोनों लड़कियां ग्रामीण क्षेत्र में एथलेटिक्स में रुची रखने वाले युवक-युवतियों को प्रशिक्षित करेंगी साथ हीं उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर प्रतियोगिता के लिए तैयार करेंगी।

